पुलिस उपायुक्त कार्यालय, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 07.07.2024

विषयः- आनरोड चाकू मारकर रुपये का बैग छीनेने का प्रयास करने वाले अज्ञात अभियुक्तगणों को थाना सिगरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त/ सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस द्वारा मु0अ0स0 180/24 धारा 309(6) बी0एन0एस0 थाना- सिगरा कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. सचिन चौरसिया उर्फ सागर पुत्र विजय चौरसिया पता ए 5/56 मुकिंग गंज, नन्देश्वर घाट थाना आदमपुर वाराणसी उम्र 23 वर्ष , 2. शुभम कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 विनोद गुप्ता पता ए9/7 ए प्रहलाद घाट थाना आदमपुर वाराणसी उम्र 22 वर्ष , दिनांक 07.07.2024 को बड़ा चकरा मैदान से गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- वादी मुकदमा कामेश्वर प्रसाद रस्तोगी पिता स्व0 भानू प्रताप रस्तोगी निवासी- डी59/259 जी झूलेलाल नगर कालोनी महमूरगंज कमिश्नरेट वाराणसी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 180/24 धारा 309(6) बी0एन0एस0 थाना- सिगरा कमि0 वाराणसी में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें वादी मुकदमा द्वारा बताया गया कि मेरा एक विक्रय प्रतिनिधी परवेज आलम पानदरीबा से रुपया तगादा कर घर (झुलेलाल नगर कालोनी) करीब 11 बजे आ रहा था की रास्ते में निरालानगर के पास दो अज्ञात मोटरसाइकिल जिसमें एक मुंह मे कपड़ा बान्धे हुआ व दूसरा हेलमेट लगया था चाकू मार कर रुपया का बैग छिनने का प्रयास किया और चाकू से काफी घातक हमला किया जिससे काफी खून निकल रहा था जिसे वादी मुकदमा द्वारा गैलेक्सी हास्पिटल में ईलाज करवाया उक्त के सम्बन्ध में थाना सिगरा, कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना के अनवारण में पुलिस टीम के कार्य- घटना के सफल अनावरण के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक सिगरा द्वारा अभियोग पंजीकृत कर पुलिस टीम गठित कर घटना के अनावरण हेतु अलग अलग कार्य वितरण करते हुए लगभग 120-130 त्रिनेत्र कैमरे व आस पास के सीसीटीवी कैमरो की फुटेज के आधार पर देखा गया तो अभियुक्तगण का घटना कारित करने से पूर्व उनके आने व जाने का रास्ता व घटनास्थल के 6-7 किमी0 की दूरी पर लगे सभी कैमरो को चेक किया गया घटना का फुटेज प्राप्त हुआ जिसे आसपास के लोगो से दिखाकर पहचान किया गया तो अभियुक्तगण का लोगो द्वारा पहचान हो गयी बताये कि साहब उक्त सभी मनबढ़ किस्म के व्यक्ति है बाद पहचान सर्विलांस आदि की मदद से अभियुक्तगणों का पहचान करते हुए घटना के 24 घन्टे के अन्दर घटना में शामिल अभियुक्तगणो को गिरफ्तारी करते हुए घटना का सफल अनावरण किया गया।

अभियुक्तगण पूछतांछ - अभियुक्तगण सचिन चौरसिया उर्फ सागर पुत्र विजय चौरसिया उम्र करीब 23 वर्ष पता ए 5/56 मुकिंग गंज, नन्देश्वर घाट थाना आदमपुर वाराणसी व शुभम कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 विनोद गुप्ता पता ए9/7 ए प्रहलाद घाट थाना आदमपुर वाराणसी पूछताछ पर बता रहे है कि, हल लोगो को परवेज आलम पुत्र स्व0 मो0 कासिम निवासी लहरतारा थाना मडुवाडीह के काम के बारे में जानकारी थी परवेज दुकानदारी का पैसा लेकर आता जाता था हमें लगभग 5-6 महीने से मेरे मालिक द्वारा काम से निकाल दिया गया था जिससे हमें आर्थिक तंगी का सामना कर पड़ रहा था जिससे हम लोग अपने घर के समान, मोटरसाइकिल को गिरवी रख कर अपने शौक को पूरा करते थे उसी क्रम में हम लोग जानते थे कि परवेज आलम अपने मालिक के पैसो को दुकानों से उतारता था जिस कारण हम दोनो योजना बनाकर परवेज आलम को चाकू मारकर पैसा छिनने का प्रसास किया परन्तु चाकू के लग जाने के कारण हम लोग घबड़ा कर अपने मोटरसाइकिल

से वहां से भाग गये थे। हमारे पास रुपये खत्म हो गये थे। आज पुनः छिनैती की घटना की योजना बना रहे थे कि आप लोगो ने हमें पकड लिया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व उम्र-</u>

1. सचिन चौरसिया उर्फ सागर पुत्र विजय चौरसिया पता ए 5/56 मुर्किंग गंज, नन्देश्वर घाट थाना आदमपुर वाराणसी उम्र 23 वर्ष ,
2. शुभम कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 विनोद गुप्ता पता ए9/7 ए प्रहलाद घाट थाना आदमपुर वाराणसी उम्र 22 वर्ष

<u>बरामदगी का विवरण-</u> 1- रजि0 न0 UP65ER5325 इंजन न0 PDXCNG99634 चेचिस न0 D2B54DX2NCG28525 धारा 207 एम0वी0 एक्ट के तहत वाहन उपरोक्त को सीज किया गया ।

2- सचिन चौरसिया उर्फ सागर उपरोक्त से एक अदद चाकू जिसका फल लगभग 04 अंगुल व मुठिया की लम्बाई 06 अंगुल मिला

<u>आपराधिक इतिहास-</u> आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

<u>गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. श्री मनोज कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. उ0नि0 सूरजकान्त पाण्डेय थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 श्री मनोज कुमार चौहान थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. का0 अनिल पटेल , थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
5. का0 शिव नरायण मौर्य, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
6. का0 चिताहरण तिवारी , थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
7. का0 अमित कुमार यादव, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
8. का0 अखिलेश कुमार गिरी , थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
9. का0 मृत्युंजय सिंह, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
जोन-काशी कमि0 वाराणसी